# भारतीय शिक्षा बोर्ड

## मॉडल प्रश्न पत्र - अर्धवार्षिक परीक्षा

## हिंदी - कक्षा 4

## सत्र : 2025-26

**निर्धारित समय:** 2 घंटा | **अधिकतम अंक:** 50

**निर्देश:**

- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में 04 मुद्रित पृष्ठ हैं।
- प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट का समय दिया गया है। इस दौरान छात्र केवल प्रश्न पत्र पढ़ेंगे।
- प्रश्न पत्र में कुल पन्द्रह प्रश्न है और सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- प्रश्न संख्या 1, 2 एवं 3, प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित किये गये हैं।
- प्रश्न संख्या 4, 6, 8 एवं 9, प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित किये गये हैं।
- प्रश्न संख्या 5, 10, 11, 12, 13 एवं 14, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित किये गये हैं।
- प्रश्न संख्या 7 के लिए 3 अंक निर्धारित किये गये हैं।
- प्रश्न संख्या 15 के लिए 4 अंक निर्धारित किये गये हैं।

---

**प्रश्न 1. सही विकल्प पर सही का (✓) चिह्न लगाइए -** **(1×5=5)**

(1) सुख की उत्पत्ति कैसे होती है?

(क) मीठे वचन से (ख) तीखे वचन से (ग) झूठे वचन से

(2) नीच किस चीज का त्याग नहीं करता?

(क) अच्छाई का (ख) भलाई का (ग) निचाई का

(3) अब्दुल हमीद के परिवार का मुख्य काम क्या था?

(क) अध्यापन (ख) चिकित्सा (ग) कपडे सिलना

(4) कौन सी वस्तुएँ पीटने से बढ जाती है?

(क) सोने की (ख) लकड़ी की (ग) प्लास्टिक की

(5) सहदेव को किसने चपत लगाई थी?

(क) डॉक्टर ने (ख) बॉक्सर ने (ग) अध्यापक ने

**प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्द के अर्थ लिखिए -** **(1×5=5)**

(1) वंदन ____________________

(2) आखिरी ____________________

(3) हौज ____________________

(4) दाना ____________________

(5) तपाक ____________________

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(1×5=5)**

(1) सलोनी को लोग क्यों पसंद करते थे?

(2) गर्मी में पक्षियों की सुरक्षा के लिए किन बात का ध्यान रखना चाहिए?

(3) सहदेव किसके सामने खड़ा होकर क्या नाप रह था?

(4) अब्दुल हमीद ने किस गन से पाकिस्तान के टैंकों को नष्ट किया था?

(5) तुलसीदास जी ने विपत्ति का साथी किसे -किसे बताया ?

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए -** **(1×4=4)**

(1) साँप अपने विष से परेशान होकर कहाँ जाता है?

(2) सैनिकों की छुट्टियां क्यों रद्द की गई?

(3) अब्दुल हमीद के माता- पिता का क्या नाम था?

(4) बिरजू ने सहदेव को कितने लीटर दूध दिया?

**प्रश्न 5. 'हमारा देश' नामक कविता की दो पंक्तियाँ लिखिए -** **(2)**

**प्रश्न 6. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -** **(1×4=4)**

(1) सलोनी ने चित्रकला प्रतियोगिता में --------- स्थान हासिल किया।

(2) तिनके लाकर--------- बनाते।

(3) तुलसी मीठे वचन ते, -------- चहुँओर।

(4) वीर अब्दुल हमीद वीरता का------- पुरस्कार मिला।

**प्रश्न 7. 'तुलसीदास के दोहे' नामक पाठ से कोई एक दोहा लिखिए।** **(3)**

**प्रश्न 8. निम्नलिखित शब्द के विपरीतार्थक शब्द लिखिए -** **(1×4=4)**

(1) विश्वास

(2) कठोर

(3) दुश्मन

(4) योग्य

**प्रश्न 9. निम्नलिखित शब्द का शुद्ध रूप लिखिए -** (1×4=4)

(1) अवाज

(2) चिनता

(3) सकूल

(4) शक्ती

**प्रश्न 10. किसने किससे कहा -** (2×1=2)

(1) काली गाय का दूध बहुत ताकत देता है।

(2) मेरे सिर की लंबाई चौडाई परसों जैसी है।

**प्रश्न 11. निम्नलिखित शब्द के दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -** (2×1=2)

(1) पानी ------- , -------

(2) फूल ------- , --------

**प्रश्न 12. सही मिलान कीजिए -** (2)

| | |
|---|---|
| (1) बया | महल |
| (2) तिनके | दाना |
| (3) खेतों | पानी |
| (4) मीठा | चिडिया |

**प्रश्न 13. निम्नलिखित शब्दों को सही क्रम में लगाकर वाक्य बनाइए -** (1×2=2)

(1) तो /है/पहले/ तू /पहुँचता।

(2) गाय /का /काली / दूध /आज / लाया हूँ।

**प्रश्न 14. निम्नलिखित एकवचन वाक्य को बहुवचन वाक्य में बदलकर लिखिए -** (1×2=2)

(1) पेड़ की डाली हिलने लगी।

(2) मैने घर के बाहर चिडिया को उडते देखा।

**प्रश्न 15. अनुस्वार का प्रयोग करते हुए चार शब्द लिखिए।** (1×4=4)